# स्कूली बच्चों के लिये ऑनलाइन एजुकेशन ऐप ‘जे गुरुजी ऐप’

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राँची में आयोजित कार्यक्रम में ऑनलाइन एजुकेशन के लिये ‘जी गुरुजी मोबाइल एप’की लॉन्चिंग की।

## प्रमुख बिंदु

- झारखंड के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिये ऑनलाइन शिक्षा मोबाइल ऐप तैयार कराया है। इस ऐप में लॉगिन के लिये विद्यार्थियों को ‘स्टूडेंट आइडी’ मिलेगी। लॉगिन के बाद छात्र ऑनलाइन क्लास भी कर सकेंगे।
- ऐप पर कक्षा एक से 12वीं तक की सभी किताबें भी उपलब्ध रहेंगी। ऐप में प्रत्येक चैप्टर के अनुरूप सवाल भी दिये गए हैं, जिन्हें विद्यार्थी ऑनलाइन हल कर सकते हैं।
- इस ऐप को कुछ इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि छात्रों को एक क्लिक पर किताब से लेकर टेस्ट सीरीज़ और सवालों के जवाब मिल जाएंगे।
- इस ऐप में सवालों के जवाब देने के दौरान किसी प्रश्न का उत्तर गलत होने पर उसके सही उत्तर की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही छात्रों को ये भी बताया जाएगा कि सही उत्तर के लिये वे किताब के किस चैप्टर को देखें।
- वहीं इसमें तकरीबन 2700 ऑनलाइन वीडियो भी अपलोड हैं। ऐप पर विद्यार्थी की पढ़ाई के अनुरूप उन्हें राज्य स्तर पर रैंक भी दी जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/online-education-app-j-guruji-app-for-school-children